सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-551
08/12/2018

‘जागरूकता रथ’ को मुख्यमंत्री ने झण्डा दिखाकर किया रवाना

पटना, 08 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित ‘संवाद’ के सामने से ‘जागरूकता रथ’ को हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ बिहार के सभी जिलों में सरकार द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में लोगों को अवगत करायेगा। प्रथम चरण में प्रखण्ड स्तर तक तथा द्वितीय चरण में गॉव एवं हाट/बाजार तक लोगों के बीच पहुॅचेगा जागरूकता रथ। जागरूकता रथ के साथ कला जत्था के कलाकारों द्वारा सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों के संबंध में विशेषकर समाज सुधार यथा शराबबंदी, देहज प्रथा उन्मूलन एवं बाल विवाह उन्मूलन के दिशा में उठाये गये कदम के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को लगभग एक घंटे की फिल्म दिखायी जायेगी। यह फिल्म सरकार के सात निश्चय, पथ निर्माण, स्वास्थ, शिक्षा, वंचित वर्गों के उत्थान, प्रशासनिक सुधार, समाजिक सुधार, कृषि सहित सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकार द्वारा किये गये कार्यों को समेकित रूप से प्रदर्शित करेगी।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित ‘संवाद’ के सामने कार्यक्रम स्थल पर सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री मनीष कुमार वर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कला जत्था द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग–सह– मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

*****